Need to establish a medical college in Jhabua Parliamentary Constituency - laid

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): मेरा लोकसभा क्षेत्र झाबुआ, मध्यप्रदेश का सर्वाधिक जनजाति बाहुल्य जिला है। इस जिले में सिकलसेल एनिमिया, सिलीकोसिस, फ्लोरोसिस, थाईराइड, वैक्टर आदि बिमारियों की बहुतायत है। गरीब जनजाति जनता को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध नहीं होने के कारण बहुत परेशानी होती है। इस कारण इस जिले की गरीब जनता को इलाज हेतु पड़ौसी राज्य गुजरात पर निर्भर रहना पड़ता है। जिले में पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधायें नहीं होने के कारण अपने इलाज हेतु अत्यधिक समय एवं धन का व्यय करना पड़ता है। जिले की जनता काफी समय से मेडिकल कॉलेज की मांग कर रही है, ताकि उन्हें पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध हो सके। सरकार से अनुरोध है कि झाबुआ में मेडिकल कॉलेज खोलने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश प्रसारित करने का कष्ट करें।